कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर

अधिसूचना संख्या- 05 /2024

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के पत्रांक 3529, दिनांक 22.11.2024 के आलोक में विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर के द्वारा कुल 10 रिक्त पदों के विरूद्ध पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने हेतु आवेदन का प्रपत्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है या सिविल कोर्ट जमशेदपुर के अधिकारिक वेबसाईट https//Jamshedpur.dcourts. gov. in से डाउनलोड किया जा सकता है।

<u>आवेदन करने हेतु निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना आवश्यक है:-</u>

- आवेदन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, जमशेदपुर 831001 के पता पर स्वीकार किए जाएंगे ।
- आवेदन करने कि अंतिम तिथि - 09/12/2024 समय 4:30 अपराह्न तक ।

<u>आवेदन हेतु पात्रता</u>

जिला पूर्वी सिंहभूम एवं इसके अनुमण्डल अंतर्गत ऐसे व्यक्ति जो कार्यरत या सेवानिवृत्त शिक्षक कार्यरत या सेवानिवृत डॉक्टर, कार्यरत या सेवानिवृत फौजी एवं ट्रांसजेंडर जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर वर्गों एवं वंचितों के उत्थान में रूचि रखते है या उनके लिए स्वेच्छिक सेवा करना चाहते हैं और जो अपनी स्वेच्छा से दूसरों की सेवा में रूची रखते हों तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार, पारा विधिक स्वयं सेवक के रूप में पहचाने जाने के लिए उपयुक्त समझे।

<u>पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्य:-</u> पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता विधिक सहायता के लिए पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य करना प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य करना जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निर्देशित किया जाए।

<u>पदों की संख्या</u> :- जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर के द्वारा कुल 10 रिक्त पदों के विरूद्ध पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस संबंध में अंतिम निर्णय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर का होगा।

<u>उम्र सीमा</u> :- न्युनतम 18 वर्ष।

<u>शैक्षणिक योग्यता</u> :- मैट्रिक अथवा समकक्ष।

<u>मानदेय</u> :- पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्य पूर्णत अस्थायी है एवं कोई वेतन नहीं है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा- निर्देश के आलोक में मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें विशेष कार्य हेतु निर्देशित करती है।

<u>पात्रता / योग्यता</u> :- 1. आवेदक भारत का नागरिक हो 2. आवेदक पूर्वी सिंहभूम जिला का निवासी हो 3. शारीरिक एव मानसिक रूप से स्वस्थ हो 4. अच्छा चरित्र का हो 5. समाज सेवा में रूचि रखता हो 6. किसी आपराधिक मामले का आरोपी / दोषी सिद्ध न हो।

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र लगाकर साथ ही स्वपता लिफाफा 25रु का डाक टिकट चिपकाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, जमशेदपुर के कार्यालय में पंजीकृत डाक से या हाथो हाथ अंतिम तिथि 09/12/2024 की संध्या 04.30 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा एव अपूर्ण / अधुरे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। आवेदन भेजने का पता-**सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, जमशेदपुर पिन नं० 831001**

पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन समिति द्वारा किया जाएगा एवं चयन के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति का होगा और सभी के लिए बाध्यकारी होगा।

02/12/24

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर

आवेदन प्रपत्र

पारा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है (पारा विधिक स्वयं सेवक में चयन नियुक्ति नहीं है। आप किसी स्थायी / अस्थायी / अनुबंध पर नियुक्त कर्मचारी नहीं हैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, ने सहयोग देने हेतु स्वयं सेवक हैं।)

1) नाम:

2) पिता/पति का नाम:

3) राष्ट्रीयता :

4) वर्तमान पता

5) स्थायी पता

स्व-अभिप्रमाणित फोटो

6) (मोबाईल नंबर :

7) ईमेल आईडी [Email id]:

8) जन्म तिथि

9) शैक्षणिक योग्यता (शैक्षणिक / कार्य अनुभव संबंधित योग्यता का स्वयं अभिप्रमाणित छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें।)

10) आवेदक निम्न में से किस श्रेणी का है-

(i.) कार्यरत या सेवानिवृत शिक्षक

(ii.) कार्यरत या सेवानिवृत डॉक्टर

(iii.) कार्यरत या सेवानिवृत फौजी

(iv) ट्रांसजेंडर

11) आवेदक के विरूद्ध लंबित मुकदमा में आवेदनकर्ता (आवेदक / विपक्षी) क्या है ?
(यदि मुकदमा लंबित है तो न्यायालय का नाम तथा अपराध की धाराएँ, आवेदक जमानत पर है या नहीं)

12) आवेदक का किसी न्यायालय से दोष सिद्ध किया गया है/आवेदक किसी मामले में फरार चल रहा है।

तिथि :

स्थान

आवेदक का हस्ताक्षर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर

पारा विधिक स्वय सेवक के चयन हेतु

साक्षात्कार पत्र

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

क्रमाक ....(कार्यालय उपयोग के लिए)

(आवेदक द्वारा भरा जाएगा)

स्व-अभिप्रमाणित
फोटो

1. आवेदक का नाम..
2. पिता/पति का नाम..
3. जन्म तिथि:...
4. स्थायी पता...
4. पत्राचार पता (मोवाईल नं० सहित)..

जिला....................................राज्य..............................पिन कोड....................

मोबाईल नं०

आवेदक का हस्ताक्षर

<u>केवल कार्यालय उपयोग के लिए</u>

साक्षात्कार की तिथि..........................समय....................स्थान..............................

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर।